# जिले में धड़ल्ले से चल रहा है नकली विदेशी शराब का धंधा

Publish Date:Tue, 22 Jun 2021 08:13 AM (IST)Author: **Jagran**

*सुंदरगढ़ जिले में नकली देसी-विदेशी शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। राउरकेला एवं आसपास के क्षेत्र में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ व झारखंड से बिना टैक्स वाली शराब लाकर बेचा जा रहा है।*

जागरण संवाददाता, राउरकेला : सुंदरगढ़ जिले में नकली देसी-विदेशी शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। राउरकेला एवं आसपास के क्षेत्र में पड़ोसी राज्य, छत्तीसगढ़ व झारखंड से बिना टैक्स वाली शराब लाकर बेचा जा रहा है। इसी सप्ताह आबकारी विभाग की ओर से जब्त की गई शराब की बोतलों में अरुणाचल प्रदेश में बिक्री का लेबल लगा था। नकली शराब के सेवन से जिले में शराब मृत्यु जैसी बड़ी घटनाएं होने की आशंका बनी हुई है।

झारखंड व छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब बनाने का काम चल रहा है। यहां से कारोबारी चोरी-छिपे शराब ओडिशा के सुंदरगढ़ जिला समेत अन्य जिलों में भेजा जा रहा है। इस पर निगरानी रखी जा रही थी पर अब अरुणाचल प्रदेश के लेबल वाली शराब की बोतलें भी बिकने को आ रही हैं। वास्तव में ये झारखंड, छत्तीसगढ़ या अरुणाचल प्रदेश में बनी हैं या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। झारखंड में प्रति बोतल सौ से डेढ़ सौ रुपये में शराब खरीदकर सुंदरगढ़ जिले में उसे सात सौ से आठ सौ रुपये में बेचा जा रहा है। यह शराब झारखंड के सीमावर्ती सिमडेगा जिले में गोदाम में रखने के बाद छोटे वाहनों से शहरी क्षेत्र के ठिकानों तक पहुंचाई जा रही है। बीरमित्रपुर एनएच-143, जराईकेला बिसरा मार्ग, नुआगांव झीरपानी मार्ग से इसे सीमा पार कराया जा रहा है। शराब चांदीपोष थाना क्षेत्र के तमड़ा समेत जलदा, लुंगेइ, बीरकेरा, खइरबंध तथा आसपास के क्षेत्रों में भी डंप की जा रही है। राउरकेला एवं आसपास के क्षेत्रों में भी नकली शराब बनाने का कारोबार चल रहा है एवं इसका खुलासा भी पुलिस एवं आबकारी विभाग की ओर से किया जा चुका है। नकली शराब का कारोबार पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

Source: https://www.jagran.com/odisha/rourkela-fake-foreign-liquor-business-is-going-on-indiscriminately-in-the-district-21761277.html